# प्रिलिम्स फैक्ट्स: 11 नवंबर, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-11-november-2020

## द्वितीय राष्ट्रीय जल पुरस्कार

## 2nd National water Awards

हाल ही में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा वर्ष 2019 के लिये राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है।




## प्रमुख बिंदु:

- यह मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाने वाला द्वितीय राष्ट्रीय जल पुरस्कार है।
- पुरस्कार वितरण वर्चुअल तरीके से किया जाएगा।
- यह पुरस्कार जल संसाधन संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों/संगठनों को प्रोत्साहित करने के लिये दिया जाता है।
- साथ ही इसके माध्यम से लोगों में जल के महत्त्व के संबंध में जागरूकता पैदा करने और उन्हें जल के इस्तेमाल के बेहतरीन तरीके अपनाने के लिये प्रेरित करने का प्रयास किया जाता है।
- विभिन्न श्रेणियों में दिये जाने वाले इस पुरस्कार के तहत विजेताओं को एक प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और नकद राशि प्रदान की जाती है।

## उद्देश्य:

- राष्ट्रीय जल पुरस्कार का उद्देश्य जल संरक्षण के क्षेत्र में देश भर में व्यक्तियों और संगठनों द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्यों तथा प्रयासों के साथ भारत सरकार के जल समृद्ध दृष्टिकोण पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करना है।
- इसके अलावा पुरस्कार समारोह जल क्षेत्र से जुड़े विषयों पर स्टार्टअप के साथ-साथ अग्रणी संगठनों को जुड़ने और विचार व्यक्त करने का एक अच्छा अवसर प्रदान करता है।


- यह आयोजन सभी लोगों और संगठनों की एक मज़बूत साझेदारी को आगे बढ़ाने तथा जल संसाधन संरक्षण एवं प्रबंधन गतिविधियों में हितधारकों को जोड़ने के लिये एक बेहतर मौका देता है।

---

## थर्टी मीटर टेलीस्कोप प्रोजेक्ट

## Thirty Meter Telescope Project

ब्रह्मांड के गूढ़ रहस्यों का पता लगाने के उद्देश्य से हवाई द्वीप के **मौना किया** (Mauna Kea) में **थर्टी मीटर टेलीस्कोप प्रोजेक्ट** (TMT) की स्थापना की जा रही है।




## प्रमुख बिंदु:

- इस अंतर्राष्ट्रीय परियोजना में दूरबीन से जुड़े उपकरणों के संबंध में भौतिक विज्ञान के 2020 के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर एंड्रिया घेज़ ने भारतीय खगोलविदों के साथ काफी सक्रियता से कार्य किया है।
    - हमारी आकाशगंगा के केंद्र में स्थित एक विशालकाय ठोस वस्तु का पता लगाने के लिये प्रोफेसर घेज़ को प्रोफेसर रोजर पेनरोस और प्रोफेसर रिनहार्ड गेंजेल के साथ संयुक्त रूप से यह पुरस्कार दिया गया है।
- प्रोफेसर घेज़ ने दूरबीन परियोजना में इस्तेमाल किये जाने वाले बैक एंड उपकरणों और परियोजना की वैज्ञानिक संभावनाओं से जुड़े तकनीकी पहलुओं के विकास में अहम भूमिका निभाई है।

## TMT परियोजना के संबंध में:

- TMT परियोजना एक अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी वाली परियोजना है जिसमें कैल टेक, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, कनाडा, जापान, चीन और भारत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा परमाणु ऊर्जा विभाग के माध्यम से सहयोग कर रहे हैं।
- इसमें हमारे सौरमंडल से संबंधित डेटा सिम्युलेटर, ऊर्जावान क्षणिक वस्तुओं, आकाशगंगाओं की सक्रिय नाभिक और गुरुत्वाकर्षण-लेंस वाली आकाशगंगाओं का अध्ययन किया गया।
- इसके अलावा इसमें हमारी आकाशगंगा के केंद्र में सुपरमैसिव कॉम्पैक्ट ऑब्जेक्ट की प्रकृति तथा इससे संबंधित अज्ञात चीज़ों की खोज करने के लिये कई और नए पहलुओं को समझने हेतु निकट भविष्य में आईआरआईएस/टीएमटी (Infrared Imaging Spectrograph- IRIS/ TMT) की क्षमता को दिखाया गया है।
- वैज्ञानिकों ने एक उन्नत डेटा प्रबंधन प्रणाली और डेटा कटौती की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला है।

**मौना की (Mauna Kea):**





- मौना की (Mauna Kea) हवाई द्वीप समूह का एक निष्क्रिय ज्वालामुखी द्वीप है जिसकी सागर तल (Sea Level) तथा सागर आधार तल (Sea Base) से ऊँचाई क्रमश: 4,207.3 मीटर और 10,200 मीटर है।
- सागर तल के आधार यह हवाई राज्य का सबसे ऊँचा स्थान है जबकि सागर आधार तल के आधार पर दुनिया का सबसे ऊँचा पर्वत है।

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस कार्यक्रम

## National Education Day programme

हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस कार्यक्रम (ऑनलाइन) का शुभारंभ किया गया।




## प्रमुख बिंदु:

- IIT बॉम्बे ने 11 नवंबर को भारत के प्रथम शिक्षा **मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद** की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसे प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।
- राष्ट्रीय शिक्षा दिवस कार्यक्रम का उद्देश्य "भारत में अध्ययन, भारत में रहें ( 'Study in India, Stay in India) और शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण 'के माध्यम से भारत को शिक्षा के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है।
- शिक्षा की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये भी यह आवश्यक है कि विश्व के अग्रणी विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग, समन्वय और समझौते के साथ आगे बढ़ें।

- इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान IIT के R&D प्रयासों को मान्यता देने के लिये स्थापित IIT बॉम्बे रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड्स 2019 भी प्रदान किये गए।
- इस पुरस्कार में एक प्रशस्ति पत्र और 1,00,000 रुपए का नकद प्रोत्साहन राशि शामिल है।
- **पुरस्कार की श्रेणियों में शामिल हैं-**
  - रिसर्च पब्लिकेशन पुरस्कार- सहकर्मी समीक्षा प्रकाशनों में मूल शोध परिणामों को पहचानने और/या अन्य रूपों जैसे- प्रदर्शनी (डिज़ाइन, फिल्म) के लिये।
  - अनुसंधान प्रसार पुरस्कार- मोनोग्राफ/पुस्तकों/समीक्षा अध्यायों/समीक्षा पत्रों के माध्यम से अनुसंधान के प्रसार के लिये उत्कृष्ट प्रयासों को पहचानने के लिये।
  - युवा शोधकर्त्ताओं के लिये प्रारंभिक अनुसंधान उपलब्धि पुरस्कार जो पहले से ही उत्कृष्ट कार्य करने के लिये अपनी क्षमता दिखा चुके हो।